आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–20 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के अंतर्गत आज प्रदेश की चौदह संसदीय सीटों मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा के लिए शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हो गया है।

मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरू हुई। आखिरी सूचना प्राप्त होने तक शाम छह बजे तक जितने भी मतदाता, मतदेय स्थलों पर कतारबद्ध थे, उनका मतदान कराया जा रहा है। आज प्रदेश की जिन चौदह संसदीय सीटों पर मतदान हो रहा है, वहां कुल एक सौ चौवालीस प्रत्याशी मैदान में है, जिनमें एक सौ इकतीस पुरूष और तेरह महिला प्रत्याशी है, जबकि लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव में चार प्रत्याशी मैदान में हैं।

पांचवें चरण के लिए अट्ठाइस हजार छः सौ अट्ठासी मतदेय स्थल बनाये गये हैं, जिनमें चार हजार दो सौ बत्तीस संवेदनशील तथा सत्रह हजार एक सौ उन्तीस मतदान केन्द्र सामान्य है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था की है।

चुनाव आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आज शाम पांच बजे तक प्रदेश में पचपन दशमलव आठ प्रतिशत मतदान हुआ था। इसमें सर्वाधिक मतदान चौंसठ दशमलव आठ छः फीसदी बाराबंकी लोकसभा सीट पर हुआ जबकि सबसे कम मतदान लखनऊ में उन्चास दशमलव आठ आठ फीसदी रहा। इनके अलावा बांदा में सत्तावन दशमलव तीन आठ प्रतिशत, अमेठी में बावन दशमलव छः आठ प्रतिशत, फैजाबाद में सत्तावन दशमलव तीन छः प्रतिशत, फतेहपुर में चौवन दशमलव पांच छः प्रतिशत, गोण्डा में पचास दशमलव दो एक प्रतिशत, हमीरपुर में सत्तावन दशमलव आठ तीन प्रतिशत, जालौन में तिरपन दशमलव सात तीन, झांसी में इकसठ दशमलव एक आठ, कैसरगंज में तिरपन दशमलव नौ दो, कौशाम्बी में पचास दशमलव छः पांच, मोहनलालगंज में साठ दशमलव एक शून्य और रायबरेली में छप्पन दशमलव दो छः प्रतिशत मतदान हुआ।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे के अंतर्गत कल शाम वाराणसी पहुंचेंगे। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके साथ रहेंगे।

वाराणसी के पुलिस लाइन में प्रधानमंत्री के आगमन पर भाजपा नेताओं द्वारा उनकी अगवानी की जाएगी। इसके पश्चात प्रधानमंत्री वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में मंच संचालन सहित अन्य सभी भूमिकाएं महिलाओं द्वारा ही निभाई जा रही हैं। सम्मेलन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। लगभग 1 घंटे के इस सम्मेलन के पश्चात प्रधानमंत्री बीएलडब्ल्यू स्थित गेस्ट हाउस के लिए रवाना हो जाएंगे ,वहीं पर रात्रि विश्राम करेंगे। इस दौरान वह काशी के प्रबुद्ध लोगों से भी मुलाकात कर सकते है। अगले दिन वह यहां से बस्ती में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करने रवाना हो जाएंगे।

****

प्रदेश में पांचवें और छठवें चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जहां, मतदाता जागरूकता रैली सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से मतदान की अपील की जा रही है।

इसी क्रम में आज वाराणसी के केंद्रीय संचार ब्यूरो कार्यालय की ओर से डायट भदोही में मतदाता जागरूकता को लेकर समूह चर्चा, संवाद, गोष्ठी, प्रश्नोत्तरी और रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से आमजन को मतदान की अहमियत बताई गई। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित भी किया गया।

****

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि कोवैक्सीन के प्रभावों पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के अध्ययन से संबंधित लेख गुमराह करने वाला है और इसमें परिषद का भी गलत तरीके से हवाला दिया गया है। आईसीएमआर ने कहा है कि वह किसी भी तरह से इस अध्ययन से जुड़ा नहीं है और उसने शोध के लिए कोई वित्तीय या तकनीकी सहायता प्रदान नहीं की है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने पत्र के लेखकों और पत्रिका के संपादक को पत्र लिखकर कहा है कि आईसीएमआर के उल्लेख को तुरंत हटाया जाए। उन्होंने कहा कि इस शोध में जो भी घटनाएं बताई गई हैं, उनको कोविड–19 टीकाकरण से नहीं जोड़ा जा सकता है।

उधर, आईसीएमआर ने अधूरा शोध पत्र प्रस्तुत करने पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक को इसकी जांच करने का निर्देश दिया है। निदेशक की ओर से मामले की जांच को लेकर एक कमेटी गठित की गई है।

****

प्रदेश के विभिन्न जिलों आज मौसम ने करवट ली है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया है। अचानक हुई बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की है।

****